# एक-एक

एक-एक यदि तुम पेड़ लगाओ,
तो तुम बाग लगा दोगे ।
एक-एक यदि ईंट जोड़ो,
तो तुम महल बना दोगे ।





एक-एक यदि पैसा जोड़ो,
तो बन जाओगे धनवान ।
एक-एक यदि अक्षर लिखो,
तो बन जाओगे विद्वान ।।

**शब्द-अर्थ :**

महल - बड़ी कोठी, इमारत

धनवान - पैसेवाला

विद्‌वान - बहुत पढ़ा-लिखा आदमी

## अभ्यास

### सोचो और बताओ :

१. बाग किस प्रकार लग सकता है ?

२. एक-एक ईंट जोड़ने से क्या बन सकता है ?

३. एक-एक पैसा जोड़ने से व्यक्ति क्या बन सकता है ?

४. व्यक्ति विद्‌वान कैसे बन सकता है ?

५. कविता की अधूरी पंक्तियाँ पूरी करो :

एक-एक यदि पैसा जोड़ो ________।

एक-एक यदि अक्षर लिखो ________।

५. ‘क’ स्तंभ में लिखित शब्दों के साथ ‘ख’ स्तंभ में लिखित शब्दों को जोड़कर सही वाक्य बनाओ :

| ‘क’ | ‘ख’ |
|---|---|
| एक-एक पेड़ लगाने से | महल बन सकता है । |
| एक-एक ईंट जोड़ने से | व्यक्ति धनवान बन सकता है । |
| एक-एक पैसा जोड़ने से | व्यक्ति विद्‌वान बन सकता है । |
| एक-एक अक्षर लिखने से | बाग लग सकता है । |

## वाक्य बनाना :

१. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाओ :

ईंट, पेड़, पैसा, बाग, महल, धनवान, विद्वान

## शब्दों का मेल :

नीचे दिए गए चार-चार शब्दों में से एक-एक शब्द अलग है। उसी शब्द पर घेरा लगाओ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क) | पेड़ | पौधा | झाड़ी | फूल |
| ख) | ईंट | महल | पत्थर | मिट्टी |
| ग) | पैसा | सोना | रुपया | अठन्नी |
| घ) | हिन्दी | अक्षर | शब्द | वाक्य |
| ङ) | विद्वान | धनवान | गुणवान | शक्तिहीन |

## मिलते-जुलते शब्द :

नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं। इनमें तीन-तीन शब्द मिलते-जुलते शब्द हैं। उनको छाँटकर **लिखो** :

वैसा, पेड़, बाग, तुम, महल, भेड़, घूम, सहल, छेड़, बन, धन, कैसा, राग, झूम, याग, पहल, मन, पैसा

## तुम्हारे लिए काम :

कविता कण्ठस्थ करो और दोस्तों को सुनाओ। कल्पना करो कि यदि तुम पंछी होते ... तो क्या करते ? उसे छोटे भाई-बहनों को सुनाओ ।

